www.lnmuonline.com

LNMU Question Paper BA Part-2 - 2014

Hindi (Hons.) Paper-III

सभी प्रश्नों के उत्तर दें।

1. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर दीजिए : 15 x 3 = 45

(क) छायावाद का प्रतिनिधि कवि आप किसे मानते हैं? तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए।
अथवा, निराला विरचित 'जुही की कली' अथवा 'बादल राग' का काव्य-सौन्दर्य उद्‌घाटित कीजिए।

(ख) पन्त के काव्य-विकास का परिचय दीजिए।
अथवा, 'पन्त प्रकृति के सुकुमार कवि हैं।' प्रमाणित कीजिए।

(ग) प्रसाद कृत 'जागरी' अथवा 'मेरे नाविक' कविता का भाव-सौन्दर्य निरूपित कीजिए।

(घ) 'महादेवी के गीत ऑसुओं से गीले हैं'—प्रमाणित कीजिए।
अथवा, 'कौन तुम मेरे हृदय में अथवा 'मधुर-मधुर मेरे दीपक जल' शीर्षक गीत का वैशिष्ट्य निरूपित कीजिए।

(ङ) 'अंधायुग' के शिल्प-विधान पर प्रकाश डालिए।
अथवा, 'अंधायुग' के अश्वत्थामा का चरित्रांकन कीजिए।

2. निम्नांकित लघु उत्तरीय प्रश्नों में से किन्हीं चार के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5 x 4 = 20

(क) मुक्त छन्द और निराला (ख) दिनकर की राष्ट्रीय भावधारा (ग) माखनलाल चतुर्वेदी की काव्य-कला (घ) रामनरेश त्रिपाठी का प्रकृति-वर्णन (ङ) दिनकर का गद्य साहित्य (च) पंत की कविता में प्रगतिवाद (छ) 'अंधायुग' की संवाद-योजना (ज) महादेवी के काव्य में 'दीपक'

3. निम्नांकित काव्यांशों से किसी एक की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 15

(क) दुख ही जीवन की कथा रही,
क्या कहूँ आज जो नहीं, कही।

(ख) हिमाद्री तुंग श्रृंग से, प्रबुद्ध शुद्ध भारती
स्वयं प्रभा समुज्वला, स्वतंत्रता पुकारती

(ग) मैने छुटपन में छिपकर पैसे बोये थे,
सोचा था, पैसों के प्यारे पेड़ उगेंगे,
रुपयों की कलदार मधुर फसलें खनकेंगी
और, फूल फल कर, मैं मोटा सेठ बनूँगा।

(घ) धिक् जीवन को जो पाता ही आया विरोध,
धिक् साधन जिसके लिए किया ही सदा शोध!

www.lnmuonline.com
www.lnmuonline.com
www.lnmuonline.com
www.lnmuonline.com
www.lnmuonline.com

LNMU Question Paper BA Part-2 - 2014

(ङ) जब था कल कंठों का मेला,
विहँसे उपजल तिमिर था खेला !
अब मन्दिर में इष्ट अकेला,
इसे अजिर का शून्य गलाने को गलने दो।

(च) उस दिन जो अंधायुग अवतरित हुआ जग पर
बीतता नहीं रह रहकर दोहराता है।
हम सबके मन में गहरा उतर गया है युग
अंधियारा है, अश्वत्थामा है, संजय है।

1. निम्नांकित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए : 2 x 10 = 20

(क) पंत जी का प्रथम काव्य इनमें से कौन है?
(i) उच्छ्वास (ii) वीणा (iii) ग्रंथि (iv) गुंजन

(ख) 'यामा' के रचनाकार हैं—
(i) पंत (ii) प्रसाद (iii) महादेवी (iv) निराला

(ग) 'आँसू' काव्य का प्रकाशन वर्ष क्या है?
(i) 1932 (ii) 1933 (iii) 1934 (iv) 1935

(घ) 'प्रथम रश्मि का आना रंगिणि' पंत के किस काव्य-संग्रह में है?
(i) वीणा (ii) पल्लव (iii) ग्रंथि (iv) इनमें से कोई नहीं

(ङ) छायावाद की स्थल के प्रति सूक्ष्म का विद्रोह किसने कहा है?
(i) मुक्तिबोध ने (ii) नगेन्द्र ने
(iii) नामवर सिंह ने (iv) रामकुमार वर्मा ने

(च) 'पेशोला की प्रतिध्वनि' संकलित है :
(i) लहर में (ii) चित्राधार में (iii) आँसू में (iv) झरना में

(छ) 'सांध्यकली' किनकी रचना है?
(i) निराला की (ii) पंत की (iii) प्रसाद की (iv) महादेवी की

(ज) 'महाराणा का महत्व' कविता के रचनाकार हैं :
(i) जयशंकर प्रसाद (ii) सोहन लाल द्विवेदी
(iii) सुमित्रानंदन पंत (iv) सुभद्रा कुमारी चौहान

(झ) 'शलभ में शापमय वर हूँ'। किसी का दीय निष्ठुर हूँ।' किस रचनाकार की उक्ति है?
(i) रामनरेश त्रिपाठी (ii) महादेवी
(iii) माखनलाल चतुर्वेदी (iv) निराला

(ञ) 'हारे को हरिनाम' के कवि कौन है?
(i) श्रीधर पाठक (ii) माखनलाल चतुर्वेदी
(iii) दिनकर (iv) मैथिलीशरण गुप्त

www.lnmuonline.com
www.lnmuonline.com
www.lnmuonline.com
www.lnmuonline.com